www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 दिल्ली की नई मुख्यमंत्रीः चुनौतियों का सफर
3 बेहतर तालमेल रखते हुए आमजन को दें केन्द्र व राज्य...
4 विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी...

वर्षः 9 | अंकः 118 | दिल्ली, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### पांच देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति मुर्मू को अपने परिचय पत्र सौंपे

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में सूडान और फलस्तीन सहित पांच देशों के राजदूतों के परिचय पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि जिन लोगों ने अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए, उनमें पनामा गणराज्य के राजदूत अलोंसो कोरेया मिगुएल, गुयाना के उच्चायुक्त धर्मकुमार सीराज और सूडान गणराज्य के राजदूत मोहम्मद अब्दुल्ला अली अलतोम शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि डेनमार्क के राजदूत रासमस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन और फलस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला मोहम्मद ए अबु शावेश ने भी राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए।

### महाकुंभ 'मुक्ति मेला' है, मनुष्य को ईश्वर से जोड़ता-राज्यपाल

**पश्चिम बंगाल (एजेन्सी)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार को कुंभ मेले को मुक्ति मेला (स्वतंत्रता मेला) बताया, जिसने मनुष्य को भगवान से जोड़ने वाला एक इंद्रधनुष पुल बनाया। उनका बयान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस दावे के कुछ दिनों बाद आया है कि महाकुंभ भगदड़ की घटनाओं के कारण मृत्यु कुंभ में बदल गया है, उन्होंने दावा किया था कि मेगा धार्मिक सभा में वास्तविक टोल को अधिकारियों द्वारा दबा दिया गया था। मैं किसी विवाद में नहीं पड़ना चाहता। यह एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है और मुख्यमंत्री को अपनी राजनीतिक स्थिति के आधार पर किसी भी स्थिति का अपना विश्लेषण देने का अधिकार है। बोस ने यहां राजभवन में पत्रकारों से कहा कि मैं लोकतंत्र की सुंदरता के रूप में इसका स्वागत करता हूं।

### झारखंड में पहली बार मैट्रिक का पेपर लीक

**झारखंड (एजेन्सी)।** जेएसी बोर्ड कक्षा 10वीं की हिंदी और विज्ञान विषयों की परीक्षाएं अब रद्द कर दी गई हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने गुरुवार को एक नोटिस जारी कर पेपर लीक के कारण परीक्षा रद्द करने की घोषणा की। इन झारखंड बोर्ड परीक्षाओं 2025 के लिए पुनः परीक्षा की तारीखें उचित समय पर साझा की जाएंगी। छात्रों और अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक वेबसाइट देखते रहें और अधिक जानकारी के लिए संबंधित स्कूल अधिकारियों से संपर्क करें। आधिकारिक बयान के अनुसार, 18 फरवरी को आयोजित जेएसी 10वीं हिंदी परीक्षा और आज होने वाली विज्ञान परीक्षा के प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर लीक हो गए थे।

# दिल्ली की चौथी महिला सीएम के तौर पर रेखा गुप्ता ने ली शपथ

## उप राज्यपाल ने सीएम और सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की दिलाई शपथ



(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद रेखा गुप्ता ने 20 फरवरी यानी गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इनके साथ छह मंत्रियों ने भी शपथ ली। उप राज्यपाल विनय सक्सेना ने मुख्यमंत्री और सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

दिल्ली की नई सरकार के शपथग्रहण में मुख्यमंत्री के साथ छह मंत्री भी शपथ ली। प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, पंकज सिंह, मनजिंदर सिरसा, कपिल मिश्रा, रविंद्र इंद्राज दिल्ली में कैबिनेट मंत्री बने।

बीजेपी 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में लौटी है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद वह अब दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। 50 वर्षीय गुप्ता ने 5 फरवरी को हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी आम आदमी पार्टी (आप) प्रतिद्वंद्वी बंदना कुमारी के खिलाफ 29,000 से अधिक वोट हासिल करके शालीमार बाग सीट जीती। काम ही पहचान (मेरा काम ही मेरी पहचान है), एक टैगलाइन है जिसे वह अपनी वेबसाइट पर अपने अभियानों के लिए उपयोग करती है।

ऐतिहासिक रामलीला मैदान दिल्ली की नई मुख्यमंत्री व मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह का गवाह बना है। 27 साल बाद भाजपा की सत्ता पर वापसी ने हर किसी धर्म व वर्ग पर अपनी विशेष छाप छोड़ी है। इसकी झलक बृहस्पतिवार को शपथ ग्रहण समारोह में दिखी। यहां सर्वधर्म के लोग दिखे।

स्लिम, पंजाबी, सिख, जैन हो या हिंदू, हर किसी धर्म व पंथ के लोग नवनिर्वाचित सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने। उत्तराखंड, यूपी, बिहार, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों से लोग आए थे। विशेष बात ये है कि समारोह में शामिल होने के लिए कई लोग देर रात से ही आ गए थे। रामलीला मैदान के अंदर और बाहर माहौल देखने लायक था। कोई हाथों में पोस्टर लेकर पहुंचा था, तो कोई भगवा झंडे लेकर आया था। ऐसे में मानो पूरा इलाका भगवामय हो गया। आलम यह रहा कि कई लोगों को अंदर जाने की अनुमति नहीं मिली। ऐसे में वह लोग बाहर से ही नेताओं को सुनते नजर आए। हालांकि, हर कोई एक बार अपने नेताओं की एक झलक पाने के लिए आतुर दिखा। जैसे ही किसी नेता की गाड़ी रामलीला मैदान के इर्द-गिर्द आती, वैसे ही पूरी सड़क भाजपा के नारों से गूंज उठती।

> **भारतीय जनता पार्टी 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में लौटी है**

उत्साह इतना था कि रामलीला मैदान लोगों से भर गया था। ऐसे में समय से नहीं पहुंचने वाले लोगों को समारोह बाहर से ही देखना पड़ा। कई लोग समारोह में शामिल नहीं हो सके, जिससे कई लोग मायूस नजर आए। सुरक्षाकर्मी भी ऐसे लोगों को सुरक्षा के मद्देनजर हटा रहे थे। शालीमार बाग से कई लोग समारोह में शामिल होने के लिए सुबह पहुंचे थे। इन्हीं में से कुछ लोगों को अंदर प्रवेश नहीं मिला। मोहम्मदपुर गांव से आए भरत डागर ने बताया कि वह कई घंटे लंबी लाइन में लगे रहे, लेकिन मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होने का हवाला देते हुए उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने अंदर प्रवेश नहीं दिया।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना शामिल हुए।

इसके अलावा, कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। हालांकि कुछ मुख्यमंत्री अपने-अपने राज्यों में जारी बजट सत्र के कारण उपस्थित नहीं हो पाए।

# सीएम रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रीमंडल के साथ कार्यभार ग्रहण किया

## कैबिनेट मंत्रियों के साथ वासुदेव घाट पर यमुना जी की आरती में हुई सम्मिलित



संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रीमंडल के साथ औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। इसके साथ ही, उन्होंने अपने कार्यकाल की शुरूआत यमुना जी की आरती और महत्वपूर्ण निर्णयों से की।

**सचिवालय में कार्यभार ग्रहणः** दोपहर 3:00 बजे, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय पहुँचकर अपने मंत्रीमंडल के साथ औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने हम पर जो विश्वास जताया है, उसे पूरा करने के लिए हम पूरी ईमानदारी और मेहनत से काम करेंगे। हमारी प्राथमिकता जनकल्याण और शहर के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है।

**वासुदेव घाट पर यमुना जी की आरतीः** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ वासुदेव घाट पर यमुना जी की आरती में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने यमुना नदी की स्वच्छता और संरक्षण पर विशेष ध्यान देने का संकल्प लिया।

**पहली कैबिनेट बैठक के प्रमुख निर्णयः** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिएः

**आयुष्मान योजना का विस्तारः** दिल्ली सरकार ने आयुष्मान योजना को और व्यापक बनाने का निर्णय लिया है। अब दिल्ली के नागरिकों को 5 लाख रुपये का टॉप-अप दिल्ली सरकार और 5 लाख रुपये केंद्र सरकार की ओर से मिलेगा। यह योजना जल्द ही लागू की जाएगी।

**14 सीएजी रिपोर्ट को सदन में पेश करनाः** पेंडिंग 14 सीएजी रिपोर्ट को जल्द से जल्द विधानसभा में पेश किया जाएगा। इससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

### मंत्रियों के विभागों का आवंटन



**श्रीमती रेखा गुप्ता (मुख्यमंत्री):** वित्त, योजना, सामान्य प्रशासन विभाग, महिला एवं बाल विकास, सेवाएँ, राजस्व, भूमि और भवन, सूचना एवं जनसंपर्क, सतर्कता, प्रशासनिक सुधार।



**श्री प्रवेश साहिब सिंह (मंत्री):** लोक निर्माण विभाग, विधान मामलों, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, जल, गुरुद्वारा चुनाव।



**श्री आशीष सूद (मंत्री):** गृह, विद्युत, शहरी विकास, शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा।



**सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा (मंत्री):** खाद्य एवं आपूर्ति, वन एवं पर्यावरण, उद्योग।



**श्री रविंदर सिंह (इंद्राज) (मंत्री):** सामाजिक कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, सहकारिता, चुनाव।



**श्री कपिल मिश्रा (मंत्री):** विधि एवं न्याय, श्रम विभाग, रोजगार विभाग, विकास, कला एवं संस्कृति, भाषा विभाग, पर्यटन विभाग।



**डॉ. पंकज कुमार सिंह (मंत्री):** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी।

# दिल्ली में विकास कार्यों का ग्रहण हुआ खत्मः विज

संजना भारती संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि 'हरियाणा की बेटी को दिल्ली में मुख्यमंत्री के पद के ताज से नवाजा गया है'। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बेटी को दिल्ली में मुख्यमंत्री बनाया गया इसलिए हरियाणावासी भी खुश हैं। इससे पहले भी हरियाणा की बेटी सुषमा स्वराज



जी भी दिल्ली की मुख्यमंत्री रही है इसके लिए मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी को मुबारकबाद देता हूं।

> **नगर निकाय के चुनाव में कांग्रेस को करारी हार मिलने जा रही है-विज**

श्री विज ने कहा कि दिल्ली में पिछले 27 सालों से विपक्ष की सरकारों के रहने के कारण विकास कार्यों को ग्रहण लगा हुआ था जो कि अब खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है और दिल्ली में अब तीव्र गति से विकास का पहिया घूमेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की मुख्यमंत्री और कैबिनेट साथियों के माध्यम से दिल्ली को विकास में अव्वल बनाने का काम किया जाएगा।

# हरियाणा के सीएम ने औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सुधारों की आवश्यकता पर दिया बल

## वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए सक्रिय कदम उठाएः सैनी



संजना भारती संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निवेश सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक विकास को और गति देने के लिए, आवश्यकता अनुसार मौजूदा नीतियों को संशोधित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे न केवल अधिक निवेश आकर्षित होगा बल्कि रोजगार के और अधिक अवसर भी पैदा होंगे।

मुख्यमंत्री बुधवार देर शाम उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने पहले ही आईएमटी खरखौदा की सफलता के आधार पर राज्य भर में 10 अत्याधुनिक औद्योगिक टाउनशिप स्थापित करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों की स्थापना को सुविधाजनक बनाने और वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाने चाहिए। इस संबंध में उन्होंने हरियाणा में एक अत्याधुनिक आईटी पार्क के निर्माण के साथ-साथ उद्योगों और एमएसएमई दोनों के लिए विशेष प्रोत्साहन देने का भी सुझाव दिया ताकि राज्य को निवेश के लिए अधिक आकर्षक स्थान बनाया जा सके।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा विनिर्माण को बढ़ावा देने और देश भर में एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की भी सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी से सटा होने और मजबूत बुनियादी ढांचे के साथ, हरियाणा वैश्विक उद्यमों को आकर्षित करने वाले आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए बेहतर स्थिति में है। इसके अतिरिक्त, भारतीय प्रवासी भी हरियाणा में उद्यम स्थापित करने के इच्छुक हैं, जिससे आर्थिक विकास के लिए और अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने सुझाया कि उद्योग विभाग और हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम ऐसे सभी उद्यमियों से संपर्क करते हुए हरियाणा राज्य में उनके निवेश को सुविधाजनक बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर कार्यान्वयन और परिणाम सुनिश्चित करने के लिए ये कार्य टारगेट बेस्ड होना चाहिए।

एक अलग बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में एयरोस्पेस और रक्षा निवेश आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित करने का भी निर्देश दिया। हरियाणा राज्य को राष्ट्रीय एयरोस्पेस और रक्षा हब के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से एयरोस्पेस और रक्षा निवेश नीति को स्वीकृति दी गई है जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में अगले पांच वर्षों में 1 बिलियन अमरीकी डालर के निवेश को आकर्षित करना है।

बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, एसीएस विजयेंद्र कुमार, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश, नागरिक उड्डयन विभाग के प्रधान सचिव श्यामल मिश्रा, श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन, मुख्यमंत्री के ओएसडी राज नेहरू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## स्पीकर के रूप में वापसी करेंगे विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** आम आदमी पार्टी के 10 साल के शासन के दौरान अनुभवी भाजपा नेता विजेंदर गुप्ता को दिल्ली विधानसभा से बाहर निकालने या मार्शल द्वारा बाहर निकालने के नाटकीय दृश्य आम थे। अब, पासा पलट गया है और भाजपा 27 साल बाद सत्ता में वापस आ गई है, गुप्ता को काव्यात्मक न्याय के क्षण में अध्यक्ष नामित किया गया है।



दिलचस्प बात यह है कि पूर्व अध्यक्ष और अरविंद केजरीवाल दोनों अब विधानसभा का हिस्सा नहीं हैं। विजेंदर गुप्ता, जिन्होंने 2015 और 2020 में केजरीवाल लहर के बीच जीत हासिल की, जहां आप ने दिल्ली में भारी बहुमत से जीत हासिल की। अब सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता करेंगे, जहां से उन्हें एक बार घसीटकर बाहर कर दिया गया था। बनिया समुदाय से आने वाले गुप्ता ने आप के प्रदीप मित्तल को 37,000 से अधिक वोटों से हराकर लगातार तीसरी बार रोहिणी विधानसभा सीट जीती। अनुभवी भाजपा नेता, जो विधानसभा में विपक्ष के नेता थे, ने दिल्ली भाजपा इकाई के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है।

# नई योजना 'हरियाणा साक्षी संरक्षण योजना, 2025' की गई शुरू

## प्रत्येक जिले में एक साक्षी संरक्षण सेल का किया जाएगा गठन

संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए राज्य में गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक नई योजना 'हरियाणा साक्षी संरक्षण योजना, 2025' शुरू की है। गृह विभाग द्वारा इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

यह योजना उन अपराधों के साक्षियों पर लागू होगी, जो मृत्यु या आजीवन कारावास या सात वर्ष या उससे अधिक के कारावास से तथा भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 74, 75, 76, 77, 78 और 79 के साथ-साथ लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 8, 10,



12, 14 और 15 के अधीन दंडनीय हैं।

योजना के तहत, धमकी की आशंका के आधार पर गवाहों की तीन श्रेणियां होंगी। श्रेणी-ए में वे स्थितियां शामिल है, जहां जांच या परीक्षण के दौरान या उसके बाद गवाह या उनके परिवार के सदस्यों को खतरा हो। श्रेणी-बी में वे मामले शामिल हैं, जहां जांच, परीक्षण के दौरान या उसके बाद गवाह या उसके परिवार के सदस्यों या कोई अन्य व्यक्ति, जिसमें वह हितबद्ध हो, की सुरक्षा, प्रतिष्ठा या संपत्ति को खतरा हो। जबकि जबकि श्रेणी-सी में वे मामले आएंगे, जहां धमकी मध्यम है और जांच या परीक्षण के दौरान या उसके बाद गवाह या उसके पारिवारिक सदस्यों या कोई अन्य व्यक्ति, जिसमें वह हितबद्ध हो, के शोषण या उत्पीड़न, प्रतिष्ठा या संपत्ति प्रभावित हो।

**प्रत्येक जिले में एक साक्षी संरक्षण सेल किया जाएगा स्थापितः** योजना के तहत प्रत्येक जिले में साक्षी संरक्षण सेल का गठन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता संबंधित जिला के पुलिस उपायुक्त या पुलिस अधीक्षक होगा। साक्षी संरक्षण सेल की प्राथमिक जिम्मेदारी सक्षम प्राधिकरण द्वारा पारित साक्षी संरक्षण आदेशों को लागू करने की होगा।

ऐसे मामलों में जहां साक्षी पहचान बदलने का अनुरोध करता है और धमकी विश्लेषण रिपोर्ट के आधार पर, सक्षम प्राधिकरण साक्षी को नई पहचान देने का फैसला कर सकता है। इसमें नया नाम, पेशा या माता-पिता शामिल हो सकते हैं। साथ ही सरकारी एजेंसियों को स्वीकार्य सहायक दस्तावेज प्रदान करना भी शामिल हो सकता है।

नई पहचान साक्षी को उसके मौजूदा शैक्षिक, पेशे या संपत्ति के अधिकारों से वंचित नहीं करेगी।

# हरियाणा में स्मार्ट सिटी के नाम पर हुए काम को लेकर जारी किया जाए श्वेत पत्रः कुमारी सैलजा

## कथित स्मार्ट सिटी में रहने वाले लोग स्वयं ही आंकलन कर करें मताधिकार का प्रयोग-सैलजा

एसबी विशेष संवाददाता

**चंढीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में करनाल, फरीदाबाद और अंबाला को स्मार्ट सिटी बनाने की सबसे पहले पहल की गई थी इसके बाद शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने प्रोजेक्ट में सात शहरों को जोड़ा है। इसमें हिसार, पंचकूला, पानीपत, रोहतक, सोनीपत, और यमुनानगर शामिल हैं।

इन सात शहरों के समुचित विकास की योजना तैयार की गई थी। जहां पर बिजली, पानी, सड़क, सीवरेज, प्रदूषण आदि की स्थिति को सुधारा जाना था। ये कथित स्मार्ट सिटी आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है। सरकार को स्मार्ट सिटी पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए श्वेतपत्र जारी करना चाहिए ताकि जनता को भी पता चल सके कि विकास के नाम पर किस प्रकार घोटाले पर घोटाले किए जा रहे हैं।

मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार के शहरी विकास मंत्रालय 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटी मिशन को एक योजना लांच की थी। जिसके शुरूआत देश के 110 शहरों का चयन किया गया। हरियाणा में दो शहरों फरीदाबाद का 21 मई 2016 को तो करनाल का 28 जून 2018 को चयन किया गया। फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के तहत कुल 45 परियोजनाएं है जिनकी कुल लागत 930 करोड और करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड के तहत कुल 121 परियोजनाए जिनकी कुल लागत 929.77 करोड़ रुपये है। केंद्र और राज्य सरकार के बीच 50:50 धन का प्रावधान किया गया। करनाल स्मार्ट सिटी लि. को 10 फरवरी 2025 तक परियोजना फंड और ए एंड ओई फंड के तहत कुल 980 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई जिसमें से 872. 50 करोड़ रुपये की राशि विभिन्न परियोजनाओं पर खर्च की गई और अभी 107. 50 करोड की राशि शेष बची है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि जितनी धनराशि करनाल और फरीदाबाद में विभिन्न



परियोजनाओं पर खर्च दिखाई गई है उसको देखते हुए धरातल पर कोई काम दिखाई नहीं दे रहर है, ऐसी ही स्थिति उन शहरों की थी है जिनका स्मार्ट सिटी के लिए चयन किया गया। 2041 तक गुड़गांव की आबादी 40 लाख तो फरीदाबाद की आबादी 30 लाख हो जाएगी। ऐसे में छोटे व मध्यम शहरों में विकास की जरूरत है क्योंकि वहां अभी ज्यादातर कॉलोनियां प्राइवेट लोगों द्वारा ही बसाई जा रही है। कुमारी सैलजा ने स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर जमकर घोटाले का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ों रुपये पानी में बहाकर भी लोगों को गंदगी के ढेर मिल रहे हैं। टूटी-फूटी सड़को पर हिचकौले खाने को मिल रहे हैं। आज फरीदाबाद के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। जगह-जगह पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। कचरा प्रबंधन के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, पर कचरा प्रबंधन दिखाई नहीं देता। हालात ये हैं कि लोग फरीदाबाद को स्लम बस्ती के नाम से जानते हैं। बरसात में साइबर सिटी गुरुग्राम में होने वाली दुर्गति सभी ने देखी है।

करनाल में अवैध कॉलोनियां पनप रही हैं। कॉलोनियां में मूलभूत सुविधाएं तो दूर, बल्कि गंदगी और जलभराव की समस्या का समाधान तक नहीं हो पाता। स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा दिए गए। हरियाणा में अनेक शहर ऐसे है जहां पर लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर है।

# सम्पादकीय

## दिल्ली में भाजपा सरकार

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से न केवल दिल्ली वासियों बल्कि एनसीआर के लोगों की अपेक्षाएं बढ़ चुकी हैं। क्योंकि दिल्ली-एनसीआर के इतिहास में संभवतया यह पहला मौका है जब दिल्ली और उसके पड़ोसी राज्य हरियाणा और उत्तरप्रदेश में भी भाजपा की सरकार है। चूंकि दिल्ली और एनसीआर के शहरों यथा-गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, सोनीपत आदि में चोली-दामन का सम्बन्ध बन चुका है, इसलिए दिल्ली के मुख्यमंत्री से सबकी सकारात्मक अपेक्षाएं रहती आई हैं। लिहाजा, अब यह रेखा गुप्ता पर निर्भर करेगा कि हरियाणा-उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकारों को साधकर वह दिल्ली-एनसीआर वासियों के दूरगामी हित कितने महत्वपूर्ण कदम उठा पाती हैं। वहीं यदि वह राजस्थान और उत्तराखंड की भाजपा सरकारों को भी साध लें तो दिल्ली-एनसीआर वासियों का ज्यादा भला कर पाएंगी। ध्रुवसत्य है कि जब लोगों की रोजमर्रा की जरूरतें किसी नेता के एजेंडे में शामिल हो जाती हैं तो दोनों का संतुलित विकास होता है। ऐसे में यदि भाजपा और उसके तीनों-चारों मुख्यमंत्री जनहित में 'ग्रेटर दिल्ली' बनाने की पहल करे तो एनसीआर वासियों के लिए इससे बड़ी खुशी की बात कुछ हो ही नहीं सकती। क्योंकि ऐसा होने से जहां गाजियाबाद-गौतमबुद्धनगर के लोगों को लखनऊ-प्रयागराज-कानपुर के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी, वहीं फरीदाबाद-गुरुग्राम-रोहतक-सोनीपत के लोगों को चंडीगढ़ जाने से मुक्ति मिलेगी। वहीं, जो लोग अब तक यह कहते आए हैं कि दिल्ली का न अपना मौसम है, न पानी है, उनकी यह शिकायत भी दूर हो जाएगी। क्योंकि ग्रेटर दिल्ली के पास अपना मौसम और अपना पानी दोनों हो जाएगा। निर्बाध विद्युत आपूर्ति में भी कोई बाधा नहीं आएगी। सड़कें चकाचक हो जाएंगी। यही नहीं, ग्रेटर दिल्ली बनने से यहां की लोकसभा सीटें बढ़ेंगी, विधानसभा सीटें बढ़ेगी, नगर निगम का आकार बढ़ेगा और यहां विधान परिषद के गठन की भी बात बढ़ेगी। इसके अलावा, यहां न केवल अपराध पर लगाम लगाया जा सकेगा, बल्कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के संतुलित विकास में भी मदद मिलेगी। इसलिए भले ही हरियाणा सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार या राजस्थान सरकार ग्रेटर दिल्ली बनाने के लिए अपने विकसित शहर व जनपद देने को राजी न हों, लेकिन दिल्ली-एनसीआर वासियों के भावी हितों के मद्देनजर केंद्र सरकार को इसके लिए खुले दिल से विचार करना चाहिए। यह मुद्दा कोई कपोलकल्पित बात नहीं है, बल्कि जब तब चुनावों में उठता भी आया है। इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनवाने के पीछे लोगों के जेहन में भी यह बात रही है। चूंकि मोदी हैं तो मुमकिन है, इसलिए ये वाला फॉर्मूला यहां भी लागू होना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो दिल्ली की दो बड़ी समस्याओं- यमुना नदी प्रदूषण और वायु प्रदूषण का भी ठोस समाधान निकल पाएगा। यहां के उद्योगों के विस्तार के लिए भूमि और जनसंख्या की किल्लत भी महसूस नहीं होगी। एक सीजीएसटी और चार एसजीएसटी से भी उद्यमी बच जाएंगे। चूंकि दिल्ली को छोटा हिंदुस्तान करार दिया जाता है, इसलिए इसका दायरा भी थोड़ा बड़ा हो जाएगा। इससे विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक विकास में भी यहां मदद मिलेगी। यदि आप देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर नजर डालेंगे तो अधिकांश जगहों पर भाजपा और एनडीए की सरकार मिलेगी। इसलिए उनसे तालमेल बिठाकर भी ग्रेटर दिल्ली के सपने को साकार किया जा सकता है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर के कूड़े-कचरों का भी सही समायोजन हो पाएगा। दिल्ली के तीनों कूड़े के पहाड़ों को 100-150 किलोमीटर दूर ले जाने में भी मदद मिलेगी।वाकई, दिल्ली-एनसीआर का भौगोलिक क्षेत्र जितना बड़ा है, यदि उसे ग्रेटर दिल्ली में सम्मिलित कर लिया जाए तो इस दिल्ली प्रदेश के विकास में आशातीत उन्नति होगी। ऐसा इसलिए कि अमूमन यहां के लोग एक दिन में दो-तीन-चार-पांच प्रदेशों का दौरा कारोबारी, राजनीतिक, समाजसेवा या व्यक्तिगत कारणों से करते हैं, इससे उन्हें सभी राज्यों को अलग-अलग टैक्स/टोल टैक्स आदि भी देना पड़ता है, जिससे यहां के उत्पाद महंगे हो जाते हैं। यदि ऐसा हुआ तो यहां के लोगों को रोजगार भी ज्यादा मिलेगा। ऐसा देखा जाता है कि एनसीआर के शहरों को सलीके से लूटने के लिए इनके इनके प्रदेश मुख्यालयों में गिरोह सक्रिय रहता है। लिहाजा ग्रेटर दिल्ली बनने से इस घटिया मानसिकता से भी मुक्ति मिलेगी। चूंकि आप और कांग्रेस से चुनावी प्रतिस्पर्धा में भाजपा ने कई फ्रीबीज की घोषणाएं की हैं, इसलिए उनको भी एक एक करके पूरा करवाने की जिम्मेदारी रेखा गुप्ता के कंधों पर होगी।

## जयंती

### शान्ति स्वरूप भटनागर

जन्म: 21 फरवरी, 1894, शाहपुर, पाकिस्तान; मृत्यु: 1 जनवरी, 1955) प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक, जो औद्योगिक अनुसन्धान परिषद के निदेशक रहे। इन्होंने राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं की स्थापना में अमूल्य योगदान दिया। इनके पिता का नाम परमेश्वरी सहाय भटनागर था। इनका बचपन अपने ननिहाल में ही बीता। इनके नाना एक इंजीनियर थे, इसी कारण उनकी रुचि विज्ञान और अभियांत्रिकी में बढ़ गयी थी। इन्हें यांत्रिक खिलौने, इलेक्ट्रानिक बैटरियां और तारयुक्त टेलीफोन बनाने का शौक रहा। शान्ति स्वरूप भटनागर ने यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन से 1921 में, विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। भारत लौटने के बाद, उन्हें बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से प्रोफेसर के पद पर कार्य किया था।



## पुण्यतिथि

### ओम प्रकाश

जन्म: 19 दिसंबर, 1919 जम्मू; मृत्यु: 21 फरवरी, 1998 मुम्बई) भारतीय सिनेमा जगत में प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता थे। ओमप्रकाश ने लगभग 350 फि ल्मों में काम किया। उनकी प्रमुख फि ल्मों में 'पड़ोसन', 'जूली', 'दस लाख', 'चुपके-चुपके', 'बैराग', 'शराबी', 'नमक हलाल', 'प्यार किए जा', 'खानदान', 'चौकीदार', 'लावारिस', 'आंधी', 'लोफर', 'जंजीर' आदि शामिल हैं। उनकी अंतिम फि ल्म 'नौकर बीवी का' थी। महानायक अमिताभ बच्चन की फि ल्मों में वे खासे सराहे गए। 'नमक हलाल' का दद्दू और 'शराबी' का मुंशीलाल बनकर ओमप्रकाश ने प्रत्येक भारतीय के दिल में जगह बनाई।



## कल मिलेंगे

**पति**-आज खाना क्यों नहीं बनाया?
**पत्नी**-गिर गई थी लग गईङ्ग.
**पति**-कहां गिर गई थी और क्या लग गई थी?
**पत्नी**-बिस्तर पर गिर गई थी और आंख लग गई थी.

## संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**

**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# दिल्ली की नई मुख्यमंत्रीः चुनौतियों का सफर

**पार्टी ने रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाकर नारी सशक्तिकरण के प्रति अपनी निष्ठा को व्यक्त किया है। वैसे भी इस समय देश में केवल एक ही महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल का नेतृत्व कर रही हैं। जब बार-बार नारी सशक्तिकरण की बात की जा रही हो, तब भाजपा ने एक महिला को मुख्यमंत्री बनाकर इस चर्चा को मानो एक नई ऊंचाई दी है**

-डॉ राकेश कुमार आर्य

**प्रधानमंत्री** मोदी अपनी अलग कार्य शैली के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाने के अपने निर्णय को भी अंतिम क्षणों तक गोपनीय रखा। मीडिया के लोग कई लोगों के नामों को लेकर अनुमान लगाते रहे, परंतु हर बार की भांति इस बार भी प्रधानमंत्री ने अपने निर्णय की गोपनीयता को अंतिम क्षणों तक रहस्यमय बनाए रखा और हमने देखा कि दिल्ली की शालीमार गार्डन सीट से पहली बार विधायक बनकर आई रेखा गुप्ता को उन्होंने दिल्ली का मुख्यमंत्री बनवा दिया। निश्चित रूप से रेखा गुप्ता के इस चयन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, परंतु स्पष्ट रूप से पार्टी और देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं, इसलिए यही कहा जाएगा कि उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ एक अच्छा समन्वय स्थापित करते हुए रेखा गुप्ता को यह दायित्व दिया। प्रधानमंत्री मोदी राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा सहित कई प्रदेशों में ऐसे चेहरों को आगे ला चुके हैं, उनका वह परीक्षण सफल ही रहा है।

इसके पीछे चाहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हो या प्रधानमंत्री मोदी या उनके अन्य वरिष्ठ परामर्शदाता हों, सभी का उद्देश्य एक ही रहता है कि नया 'बेदाग चेहरा' लोगों को रास आएगा और वह मिले हुए अवसर के दृष्टिगत अच्छे से अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करेगा। जब 'दागदार चेहरों' को बड़ी जिम्मेदारियां दी जाती हैं तो वे उन्हें पूर्ण निष्ठा के साथ निभा नहीं पाते हैं या फिर अपनी परंपरागत कार्य शैली का परिचय देते हुए भ्रष्टाचार जैसे कार्यों में लग जाते हैं। जिसकी क्षति पार्टी को उठानी पड़ती है और अंत में राष्ट्र को भी ऐसे चेहरों से हानि ही मिलती है। इस प्रकार के नए बेदाग चेहरों को आगे लाने से पार्टी और देश दोनों को दूर तक और देर तक लाभ मिलना स्वाभाविक है। बस अपनी इसी दूरगामी सोच के चलते भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वर्तमान नेतृत्व ऐसे चेहरों को सामने लाता रहता है।

पार्टी ने रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाकर नारी सशक्तिकरण के प्रति अपनी निष्ठा को व्यक्त किया है। वैसे भी इस समय देश में केवल एक ही महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल का नेतृत्व कर रही हैं। जब बार-बार नारी सशक्तिकरण की बात की जा रही हो, तब भाजपा ने एक महिला को मुख्यमंत्री बनाकर इस चर्चा को मानो एक नई ऊंचाई दी है। दूसरी बात यह है कि दिल्ली में जिस प्रकार केजरीवाल ने पिछले 11 वर्ष में 'रेवड़ी बांटने' की परंपरा के आधार पर शासन किया है, उसके चलते बहुत से विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। दिल्ली के अनेक क्षेत्र ऐसे हैं जिनमें पानी की पाइपलाइन कई स्थानों पर गल गई है। जिससे लोगों को मलमूत्र मिले पानी को पीने के लिए अभिशप्त होना पड़ गया है। कई क्षेत्र ऐसे हैं जिनमें लोगों को दूध मिलना संभव है, परंतु सही पानी मिलना उनके लिए कठिन हो गया है। बिजली के खंभों या लाइन की व्यवस्था भी कई क्षेत्रों में बहुत खराब हो चुकी है। स्वास्थ्य सेवाओं और यातायात को लेकर भी यही कहा जा सकता है।

यदि वह ऐसा करती हैं तो नौटंकी बाज केजरीवाल को लोग भूल जाएंगे। कोई भी घिसापिटा चेहरा इस काम को करने में लापरवाही बरत सकता था। इसलिए भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने एक नए ऊर्जावान चेहरे को दिल्ली की बागडोर सौंपी है तो इसके पीछे उद्देश्य यह है कि काम ऐसा किया जाए, जिससे लोग केजरीवाल को भूल जाएं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि केजरीवाल अपनी नौटंकियों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने चाहे कितने ही शालीन भाव से दिल्ली के मतदाताओं के जनादेश को स्वीकार किया हो, परंतु इसके पीछे भी उनकी विनम्र नौटंकी ही है। उनसे पूरी उम्मीद की जा सकती है कि वह भारतीय जनता पार्टी की सरकार को चलाने में हर प्रकार का रोड़ा अटकाने का प्रयास करेंगे। लोगों को भ्रमित करेंगे और अपनी नौटंकीवादी राजनीति को सड़कों व चौराहों पर दिखाने का हर संभव प्रयास करेंगे। ऐसे में एक गंभीर नेतृत्व को आगे लाना भारतीय जनता पार्टी के लिए अनिवार्य था। रेखा गुप्ता के भीतर ऐसे ही एक गंभीर व्यक्तित्व को देखा गया है, जो प्रत्येक प्रकार की नौटंकी का सामना करते हुए धैर्य के साथ दिल्ली की जनता की सेवा कर सके।

स्पष्ट है कि भाजपा ने सत्ता का स्वाद लेने के लिए रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री का दायित्व नहीं दिया है, बल्कि पार्टी को निरंतर सत्ता में बनाए रखकर राष्ट्र सेवा करते रहने के लिए उन्हें यह दायित्व दिया गया है। भाजपा की इस प्रकार की रणनीति को केजरीवाल और राहुल गांधी भली प्रकार जानते हैं। भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री के चेहरे को ढूंढने में लगे 10-12 दिन के समय को लेकर इन दोनों पार्टियों को इसी बात की चिंता हो रही थी कि भाजपा उन्हें देर तक सत्ता से दूर रखने के लिए मुख्यमंत्री बनाने में जिस प्रकार विलंब कर रही है, वह उनके लिए ही हानिकारक होगा। इस बार के विधानसभा चुनाव में यमुना की सफाई को भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनाया गया। हमारा मानना है कि यमुना की सफाई को एक मुद्दा बनाया भी जाना चाहिए था। जिस प्रकार दिल्ली के अनेक गंदे नाले इस नदी को मृत नदी के रूप में परिवर्तित करते जा रहे हैं, वह न केवल दिल्ली के लिए बल्कि पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। इसके लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को विशेष परिश्रम करना होगा। हमारा मानना है कि दिल्ली के गंदे नालों के पानी को सीमेंट या लोहे के बड़े-बड़े पाइपों के भीतर डालकर नदी के भीतर इन पाइपों की एक समानांतर लाइन बिछाकर उस पानी को हरियाणा या उत्तर प्रदेश की ओर दूर ले जाया जाए। वहां उसे पीने योग्य या कृषि भूमि को सींचने योग्य बनाकर दोबारा ठीक किया जाए। इसके लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों की एक संयुक्त टीम गठित की जाए अथवा एक प्राधिकरण बनाया जाए। इस प्रकार दिल्ली के गंदे नालों का एक बूंद पानी भी यमुना नदी में नहीं गिर पाएगा, जिससे नदी को स्वच्छ रखने में सहायता मिलेगी।

(लेखक सुप्रसिद्ध इतिहासकार और भारत को समझो अभियान समिति के राष्ट्रीय प्रणेता हैं)

# नेताओं-नौकरशाहों की जिम्मेदारी के बगैर भ्रष्टाचार को मिटाना असंभव

**प्रधानमंत्री के देश से पूरी तरह भ्रष्टाचार के खात्मे के प्रति प्रतिज्ञा लेने के बावजूद यदि यह संक्रामक रोग की तरह बढ़ता ही जा रहा है तो इसके लिए ज्यादातर राजनीतिक दल जिम्मेदार हैं। क्षेत्रीय दलों की हालत यह है कि उनका एकमात्र मकसद किसी भी हालत में सत्ता में बने रहना है। इसके लिए बेशक भ्रष्टाचार से किसी भी हद तक समझौता क्यों न करना पड़े। यही वजह रही है कि इंडिया गठबंधन लगातार चुनावों में शिकस्त खाता रहा है**

-योगेंद्र योगी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने संसद में कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए एजेंसियों को खुली छूट दे दी है और इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार एक दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है और वह देश को इस बुराई से मुक्त करने के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस दृढ़निश्चय के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार कैंसर की तरह फैलता जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार हो या राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें, सभी भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़े दावे-वादे करती रहीं हैं, किन्तु यह समस्या सुरसा के मुंह की तरह विकराल होती जा रही है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 की भ्रष्टाचार की सूची वाले देशों में भारत 96वें पायदान पर पहुंच गया है। साल 2023 में भारत की रैंक 93 थी।

भारत इस सूची मे पड़ौसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है। भ्रष्टाचार की इस सूची में भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान 135 नंबर पर और श्रीलंका 121 पर हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर चली गई है। इस लिस्ट में चीन 76वें स्थान पर है। डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं। 1995 से 2024 तक भारत में भ्रष्टाचार की औसत दर 78.03 रही, जो 2024 में 96.00 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और 1995 में 35.00 के रिकॉर्ड निम्नतम स्तर पर पहुंच गई थी।

भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक यानी सीपीआई दुनिया में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली वैश्विक भ्रष्टाचार रैंकिंग है। यह मापता है कि विशेषज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार प्रत्येक देश का सार्वजनिक क्षेत्र कितना भ्रष्ट है। प्रत्येक देश का स्कोर 13 विभिन्न भ्रष्टाचार सर्वेक्षणों और आकलनों से प्राप्त कम से कम 3 डेटा स्रोतों लिया जाता है। ये सोर्स विश्व बैंक और विश्व आर्थिक मंच सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा एकत्र किए जाते हैं। सीपीआई की गणना करने की प्रक्रिया की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जारी की जाने वाली सूची यथासंभव मजबूत और सुसंगत है या नहीं। भारत में विदेशी निवेश अपेक्षाकृत नहीं आने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार है।

भ्रष्टाचार के कारण भारत की अंतरराष्ट्रीय साख कमजोर है। विदेशी कंपनियां यहां निवेश करने से कतराती हैं। देश के उद्योगपति और लघु व मध्यम व्यवसायी इसकी मार से बच नहीं सके हैं। भारत एक तरफ वैश्विक ताकत बनने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार की जंजीर इसके बढ़ते कदम को रोक रही है। ऐसा देश का शायद ही कोई चुनाव होगा जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं किया हो। मोदी ने लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार पर प्रहार करने में कसर बाकी नहीं रखी। संसद में दिए गए भाषण में उन्होंने कहा था कि मेरे लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई चुनावी जीत या हार के पैमाने पर नहीं है। मैं चुनाव जीतने या हारने के लिए भ्रष्टाचार से नहीं लड़ रहा हूं। यह मेरा मिशन है, मेरा विश्वास है। मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार एक ऐसा दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है। मैं इस देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने और आम लोगों के मन में भ्रष्टाचार के खिलाफ नफरत पैदा करने के लिए पूरे दिल से काम कर रहा हूं।

प्रधानमंत्री के देश से पूरी तरह भ्रष्टाचार के खात्मे के प्रति प्रतिज्ञा लेने के बावजूद यदि यह संक्रामक रोग की तरह बढ़ता ही जा रहा है तो इसके लिए ज्यादातर राजनीतिक दल जिम्मेदार हैं। क्षेत्रीय दलों की हालत यह है कि उनका एकमात्र मकसद किसी भी हालत में सत्ता में बने रहना है। इसके लिए बेशक भ्रष्टाचार से किसी भी हद तक समझौता क्यों न करना पड़े। यही वजह रही है कि इंडिया गठबंधन लगातार चुनावों में शिकस्त खाता रहा है। आश्चर्य यह है कि लोकसभा चुनावों और राज्यों के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बावजूद विपक्षी दलों ने भ्रष्टाचार को कभी भी प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं बनाया। भ्रष्टाचार को लेकर हालात ये हैं कि जैसे ही कोई भी विपक्षी दल भ्रष्टाचार का जिक्र करता है, तत्काल सत्तारुढ़ दल न सिर्फ उसके बचाव में उतर आता है बल्कि विपक्षी दल के कारनामे गिनाने लगता है। यही वजह है कि क्षेत्रीय दल अपने राज्यों में मनमानी करने पर आमदा हैं।

यदि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय कोई कार्रवाई करता है तो राज्य के सत्तारुढ़ दल इसे बदले की कार्रवाई करार देने लगते हैं। इसका उदाहरण पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी सरकार, तमिलनाडु की स्टालिन सरकार और कर्नाटक की सिद्धरमैया की सरकार है। इतना ही नहीं राजनीतिक दलों का भरसक प्रयास होता है कि अदालतों में चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों को भी प्रभावित किया जाए।

गौरतलब है कि सीनियर वकील हरीश साल्वे सहित देश के 600 से ज्यादा वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर सवाल उठाने को लेकर चिंता जाहिर की थी। सीजेआई को लिखी चिट्ठी में वकीलों ने कहा था कि ये समूह न्यायिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए दबाव की रणनीति अपना रहा है, और ऐसा खासकर सियासी हस्तियों और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े मामलों में हो रहा है। चिट्ठी में कहा गया है कि ये समूह ऐसे बयान देते हैं जो सही नहीं होते हैं और ये राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा करते हैं। अपनी चिट्ठी में वकीलों ने ऐसे कई तरीकों पर प्रकाश डाला है, जिनमें न्यायपालिका के तथाकथित 'स्वर्ण युग' के बारे में झूठी कहानियों का प्रचार भी शामिल है। न्यायपालिका तक को प्रभावित करने के प्रयासों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में भ्रष्टाचार किस हद तक व्याप्त है। देश की भ्रष्टाचार में रैंकिग बेशक बढ़ रही हो, इसके बावजूद विगत चुनावों में भाजपा अकेली पार्टी रही, जिसने भ्रष्टाचार के खात्मे की बात कही। अन्य दल तो इस मुद्दे पर चर्चा करने तक से कतराते हैं। विपक्षी दलों ने केंद्र के सत्तारुढ दल को भ्रष्टाचार में लपेटने की कई बार नाकाम कोशिश की है, चाहे वह मुद्दा युद्धक विमान राफेल की खरीद का हो या अडानी ग्रुप से जुड़ा हुआ हो। विपक्षी दल सुप्रीम कोर्ट तक में भ्रष्टाचार के मामले को ले गए पर इसे साबित नहीं कर पाए। ऐसा भी नहीं है कि भाजपा भ्रष्टाचार को लेकर दूध की धुली है। भाजपा का दामन थामने वाले विपक्षी दलों के नेताओं के ऐसे मामलों को नजरांदाज किया जाता रहा है। इसके अलावा केंद्र में भाजपा अकेले अपने बलबूते सत्ता में नहीं है, ऐसे में गठबंधन के सहयोगी दलों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से मुंह फेरे रहती है। यही वजह रही है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से इन सहयोगी दलों के खिलाफ एक भी कार्रवाई नहीं की गई।

कोई भी एजेंसी जब किसी राज्य या विभाग में भ्रष्टाचार का मामला पकड़ती है तब इस गुनाह पर पर्दा डालने के लिए यही दलील दी जाती रही है कि भ्रष्टाचार को मिटाना है। इसके बावजूद एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले सामने आते रहते हैं, पर कोई राजनीतिक दल यह दावा नहीं करता कि उनके शासित राज्य से भ्रष्टाचार पूरी तरह समाप्त हो चुका है। राज्य तो दूर की बात है कि बल्कि किसी दल में इतना भी साहस नहीं है कि यह कह सके कि कोई एक विभाग पूरी तरह भ्रष्टाचार से मुक्त है। फिर विभाग चाहे केंद्र सरकार के हों या राज्यों के। यह निश्चित है कि भ्रष्टाचार इस देश से तब तक नहीं मिटेगा जब तक नेताओं की कथनी और करनी में अंतर रहेगा। नेताओं के साथ नौकरशाहों की भी जिम्मेदारी तय किए बगैर भ्रष्टाचार को जड़ से उखाडना असंभव है।

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# ये योजना मूर्खतापूर्ण... ट्रंप के 'गाजा प्लान' पर भड़के ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई

(एजेन्सी)।

**फिलिस्तीन** के अस्तिव की लड़ाई अब ट्रंप के अधिकार पर जाकर खत्म हो रही है। इजरायल फिलिस्तीन की जंग क्या मोड़ लेगी इस सवाल में दुनिया उलझी ही थी कि ट्रंप के एकतरफा ऐलान ने इसे और फंसा दिया है। गाजा पर कब्जे के ऐलान के बाद से पूरा मीडिल ईस्ट अब भड़का हुआ है। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने ट्रंप को गाजा प्लन पर घेरा। उन्होंने कहा कि गाजा और फिलीस्तीन पर अमेरिका को 'मूर्खतापूर्ण' योजना' कहीं नहीं पहुंचाएगी। जिन्होंने दावा किया था कि वे विरोध को नष्ट कर देंगे, वे अब अपने बंदियों के छोटे ग्रुप ले रहे है और बदले में बड़ी तादाद में फिलीस्तीनी बंदी रिहा कर रहे है।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका गाजा पट्टी को अपने अधीन लेगा और हम इसे विकसित करेंगे। इस पर हमारा अधिकार होगा और वहां मौजूद सभी खतरनाक बमों और अन्य हथियारों को निष्क्रिय करने, जगह को समतल करने और तबाह हो चुकी इमारत को हटाने की जिम्मेदारी हमारी होगी। उन्होंने कहा कि एक ऐसा आर्थिक विकास करेंगे जो क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के ढेरों अवसर पैदा करेगा और आवास उपलब्ध कराएगा। कुछ अलग किया जाएगा। ट्रंप के कहा कि फलस्तीनी लोगों के पास कोई विकल्प नहीं है यही कारण है कि वह गाजा वापस जाना चाहते हैं। यह (गाजा पट्टी) अभी एक तबाही स्थल है। हर एक इमारत ढह गई है। वे ढह चुकी कंक्रीट संरचनाओं के नीचे रह रहे हैं जो बेहद खतरनाक है।

व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात का मौका था। मुलाकात तक तो सब ठीक था और लगा कि दोनों देश युद्ध की स्थिति और परिस्थितियों को लेकर बात करेंगे। हमास से कैसे निपटा जाए इसको लेकर चर्चा करेंगे। लेकिन यहां तो सबकुछ उल्टा हो गया। ऐलान गाजा पट्टी को लेकर हो गया। कहा गया कि गाजा पट्टी को अमेरिका टेक ओवर करेगा और इसका स्वामित्व भी अपने पास रखेगा। यानी ओनरशिप की बात डोनाल्ड ट्रंप अपने बयान में कर रहे हैं। ट्रंप ने यह भी सुझाव दिया कि अमेरिका उस जगह को डिवेलप करेगा, लेकिन इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी कि वहां किसे रहने की अनुमति दी जाएगी।

# वॉलमार्ट की फोन-पे ने भारत में आईपीओ पेश करने की तैयारी शुरू की

(एजेन्सी)।

**भारत** की सबसे बड़ी वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोन-पे ने देश के शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने के लिए अपने संभावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

कंपनी का मूल्य वर्ष 2023 में आयोजित अंतिम वित्तपोषण दौर के दौरान 12 अरब डॉलर था। फोन-पे ने एक बयान में कहा, कंपनी अपने संभावित आईपीओ के संबंध में प्रारंभिक कदम उठा रही है और भारतीय शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने की योजना बना रही है। यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो इस साल अपनी 10 साल की वर्षगांठ मनाएगी।

कंपनी अभिनव वित्तीय सेवाओं और प्रौद्योगिकी समाधानों के साथ करोड़ों ग्राहकों की सेवा करने के लिए विकसित हुई है। फोन-पे ने दिसंबर, 2022 में सिंगापुर से भारत में स्थानांतरण किया था। इसके लिए उसे सरकार को लगभग 8,000 करोड़ रुपये का कर देना पड़ा था।

# दुबई जाने वाली बांग्लादेश एयरलाइन की फ्लाइट की नागपुर में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

(एजेन्सी)।

**396** यात्रियों और 12 चालक दल के सदस्यों को लेकर ढाका से दुबई जा रही बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस की उड़ान को तकनीकी समस्याओं के कारण बुधवार रात महाराष्ट्र के नागपुर हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। मध्य हवा में कठिनाइयों का सामना करने के बाद आधी रात को उड़ान को डायवर्ट किया गया और सुरक्षित रूप से उतारा गया। नागपुर हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उड़ान को डायवर्ट करने का निर्णय तुरंत लिया गया था। उन्होंने कहा कि यात्रियों को बाद में दिन में कंपनी की दूसरी उड़ान से भेजा जाएगा। हाल ही में, अबाबा से ढाका जा रहे इथियोपियाई एयरलाइंस के एक विमान को भी खराब मौसम के कारण नागपुर में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

# कैलाश खेर ने दिल्ली के लोगों के साथ विजय गीत साझा किया

(एजेन्सी)।

**मशहूर** गायक कैलाश खेर ने गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण समारोह से पहले राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को समर्पित एक गीत 'ये शंखनाद है' जारी किया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद अब भारतीय जनता पार्टी राजधानी में अपनी सरकार बना रही है। रेखा गुप्ता दिल्ली की नई मुख्यमंत्री चुनी गई हैं। वह गुरुवार को 6 विधायकों के साथ रामलीला मैदान में शपथ लेंगी। इस बीच पद्मश्री से सम्मानित गायक कैलाश खेर ने दिल्ली में भाजपा की बड़ी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए एक संगीतमय तोहफा दिया। उन्होंने दिल्ली की जनता के लिए एक विजय गीत तैयार किया है। खेर के इस गीत का शीर्षक 'ये शंखनाद है' है और इसके बोल हैं, 'जय का विजय का, सनातन उदय का, ये शंखबाद है।'

कैलाश खेर ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर यह गीत साझा किया है। उनके कैप्शन में लिखा "शपथ ग्रहण समारोह के साथ-साथ इस ऐतिहासिक और साहसी जीत की बधाई के रूप में, दिल्ली के दिव्य स्वरूप में प्रत्येक दिल्लीवासी को यह संगीतमय उपहार। कैलाश खेर और कैलासा (केईपीएल) द्वारा दिल्ली को समर्पित दिल्ली विजय गीत कुछ ही देर में रिलीज किया गया #ये शंख नाद है @kailasarecords @kailasastudios @kailasaentertainment_@mib_india @pibindia @ani_trending @ptinews_multimedia ओम। इस गाने के पोस्टर में कैलाश खेर हाथ में शंख लिए नजर आ रहे हैं। उनके इर्द-गिर्द भाजपा के झंडे भी देखे जा सकते हैं।

बता दें, दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 20 फरवरी को रामलीला मैदान में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में शामिल होने वाले मेहमानों की सूची में गायक का नाम भी शामिल है। कहा जा रहा है कि मशहूर गायक समारोह में एक संगीतमय प्रस्तुति भी देंगे। ऐसे में यह तय लग रहा है कि गायक अपनी खास प्रस्तुति के तौर पर 'ये शंखनाद है' पेश करेंगे। रेखा गुप्ता दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगी। शपथ ग्रहण के बाद वह मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी विधायकों के साथ यमुना की सफाई देखने जाएंगी।

# वनडे क्रिकेट में 11 हजारी बने रोहित शर्मा

(एजेन्सी)।

**बांग्लादेश** के खिलाफ खेले जा रहे चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे मुकाबले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। अपनी पारी में 14 रन बनाते ही रोहित ने वनडे क्रिकेट में 11 हजार रन पूरे कर लिए हैं। ये कारनामा करने वाले वह चौथे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इस मामले में रोहित ने सचिन तेंदुलकर को पछाड़ा है जबकि विराट कोहली अब भी पहले स्थान पर हैं।

रोहित ने इस मुकाबले में 36 गेंदों में 41 रन की पारी खेली और इस दौरान उन्होंने 7 चौके भी लगाए। रोहित ने बांग्लादेश के खिलाफ अपनी पारी के दौरान वनडे फॉर्मेट में 11 हजार रन पूरा करने का कमाल किया। उन्होंने 261वें पारी में ये कमाल किया और सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। सचिन तेंदुलकर ने वनडे में 11,000 रन 276 पारियों में पूरा किया था और अब रोहित शर्मा वनडे में दूसरे सबसे तेज 11 हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। वर्ल्ड क्रिकेट में वनडे में सबसे कम पारियों में 11 हजार रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम पर दर्ज हैं जिन्होंने 222 पारियों में किया था। साथ ही रोहित शर्मा वनडे फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में 10वें स्थान पर आ गए और राहुल द्रविड़ से आगे निकल गए। वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज की लिस्ट में सचिन तेंदुलकर अब भी पहले नंबर पर हैं जबकि कुमार संगकार दूसरे जबकि विराट कोहली तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। वहीं रोहित शर्मा वर्ल्ड क्रिकेट में 11 हजार रन बनाने वाले दुनिया के 10वें बल्लेबाज भी बन गए।

# फिर लेग स्पिन के आगे कमजोर पड़े विराट कोहली

(एजेन्सी)।

**चैंपियंस** ट्रॉफी 2025 में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला नहीं चला। वह 38 गेंदों में 22 रन देकर बनाकर अपना विकेट गंवा बैठे। इस दौरान वह अपनी पारी के दौरान संघर्ष करते हुए दिखे। सबसे बड़ी परेशानी की बात ये है कि वह एक बार फिर लेग स्पिन पर आउट हुए। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में आदिल रशीद ने उन्हें तंग किया था तो दुबई में बांग्लादेश के लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने उन्हें आउट किया।

2024 से अबतक 6 पारियों में 6 बार विराट कोहली स्पिन पर आउट हुए हैं। इनमें से 4 बार लेग स्पिनर ने आउट किया है। श्रीलंका दौरे पर 3 वनडे मैचों में 2 बार लेग स्पिन पर आउट हुए थे। एक बार बाएं हाथ के स्पिनर ने आउट किया था। इसके 2025 में फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में कोहली 2 मैच खेले। दोनों मैच में आदिल रशीद ने आउट किया। इस तरह कोहली 2024 से 5 बार लेग स्पिनर्स के खिलाफ आउट हुए हैं। इन 5 पारियों में 51 गेंद पर 6.20 के औसत और 60.78 के स्ट्राइक रेट से 31 रन बनाए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में कोहली की विकेट की बात करें तो रिशाद ने ऑफ स्टंप से बाहर लेंथ बॉल की। कोहली बैकफुट पर कट करने गए और गेंद को नीचे नहीं रख पाए। बैकवर्ड पॉइंट पर सौम्य सरकार ने आसान कैच लपका।



# बेहतर तालमेल रखते हुए आमजन को दें केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभः लोकसभा अध्यक्ष



**एसबी संवाददाता**

**जयपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बूंदी जिले में संचालित योजनाओं, विकास कार्यक्रमों, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन तथा अब तक अर्जित प्रगति की गुरूवार को कोटा जिला परिषद सभागार में आयोजित बैठक में समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी बेहतर तालमेल के साथ योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाकर राहत प्रदान करें। जिले में संचालित विकास कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन को इनका लाभ मिल सके।

लोकसभा अध्यक्ष ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज के माध्यम से संचालित योजनाओं व कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सांसद व विधायक कोष से स्वीकृत कार्य शीघ्र शुरू हो, तय समय में पूरे किए जाएं। माडा के विभिन्न चरणों में अनुमोदित कार्यों में शुरू होने से शेष कार्य प्रारम्भ करवाकर इनमें प्रगति अर्जित की जाए। सीएसआर के तीनों चरणों में अनुशंसित एवं अनुमोदित कार्य की प्रगति बढाएं। उन्होंने जिले में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्यों तथा उपलब्ध करवाए जा रहे रोजगार के बारे में भी जानकारी ली और कहा कि पात्र सभी व्यक्तियों को रोजगार दिया जाए, प्रधानमंत्री आवास योजना में पूर्ण हो चुके आवासों का भुगतान समय पर हो। उन्होंने आओ गांव चले अभियान की प्रगति की समीक्षा भी की।

श्री बिरला ने जिले में सड़क निर्माण, सुदृढ़ीकरण, नवीनीकरण कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि निर्माण संबंधी कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। बजट घोषणाओं में शामिल कार्यों को पूरी तैयारी के साथ पूर्ण करवाया जाए। आपदा प्रबंधन विभाग से स्वीकृत तात्कालिक परिसंपत्तियों की तात्कालिक मरम्मत के लिए प्राप्त राशि का उपयोग कर उपयोगिता प्रमाण पत्र भिजवाना सुनिश्चित करें। मेडिकल कॉलेज में वांछित संसाधनों की सूची भिजवांए, गरडदा परियोजना का कार्य जल्दी पूरा करें, वृद्धावस्था पेशंन का भुगतान नियमित रूप से हो।

उन्होंने निर्देश दिए कि पीएम सूर्यघर योजना के तहत अधिकाधिक परिवारों को लाभान्वित सोलर किया जाए। प्रसारण निगम के स्तर पर लंबित प्रकरणों में प्रयास कर इनका निस्तारण किया जाए ताकि कार्य समय पर शुरू हो । जिले में गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति सुचारू बनी रहे, साथ ही किसानों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार कृषि कनेक्शन जारी किए जाएं। उन्होंने वन विभाग से सम्बद्ध विद्युत प्रकरणों में दोनों विभागों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

लोकसभा अध्यक्ष ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की पेयजल परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिए कि आगामी ग्रीष्मकाल के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुचारू रहे, इसके लिए अभी से सभी प्रबंध कर लिए जाएं। ऐसे प्रयास रहें कि गर्मी के दिनों में आमजन को पेयजल संबंधी समस्या का सामना नहीं करना पडे। विभाग द्वारा वर्तमान में संचालित पेयजल परियोजनाओं के कार्यो को और अधिक गति देकर पूर्ण करवाया जाए।

बैठक में जिला कलक्टर श्री अक्षय गोदारा ने जिले में अर्जित प्रगति की जानकारी लोकसभा अध्यक्ष को देते हुए बताया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों का लाभ आमजन तक त्वरित गति से पहुंचाया जाएगा।

# भजनलाल शर्मा ने रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर दी बधाई



**संजना भारती संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने रेखा गुप्ता को पुष्प गुच्छ भेंट कर दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

## पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम

# ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं, नशा व साइबर सुरक्षा पर जागरूकता अभियान चलाया गया

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**



**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के आदेशानुसार एसीपी ट्रैफिक शुकरपाल सिंह ने आज सकेतड़ी पुलिस चौकी में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं की समस्याओं पर ध्यान दिया गया और उन्हें उचित समाधान प्रदान किए गए।

इसके अलावा, एसीपी ने ग्रामीणों को साइबर अपराध से बचने के उपायों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि साइबर ठग नकली बैंक और पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को धोखे में डालकर ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसी किसी भी संदिग्ध कॉल या साइबर धोखाधड़ी की घटना पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलकूद व अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की नशे से संबंधित जानकारी मिले तो वे तुरंत 7087081100 पर इसकी सूचना दें, जिससे पुलिस त्वरित कार्रवाई कर सके।

ग्रामीणों ने एसीपी को पार्किंग की समस्या से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने समाधान का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों ने इस जनसंवाद कार्यक्रम की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की। इस दौरान एसीपी ने उपस्थित ग्रामीणों से सुझाव भी मांगे, ताकि पुलिस व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

इस अवसर पर मनसा देवी थाना प्रभारी सब-इंस्पेक्टर राहुल, लाइन अफसर सब-इंस्पेक्टर अजब सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी, गांव की महिलाएं, बुजुर्ग, सरपंच एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# क्राइम ब्रांच ने हेरोइन तस्कर को किया काबू, आरोपी 2 दिन के पुलिस रिमांड पर

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**



**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने जिला में नशा पर पुर्ण रूप से लगाम लगाने हेतु कड़े निर्देश दिए है। इसके अलावा जिला को नशा मुक्त बनाने को लेकर ह्यनशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान अभियान के तहत जिला में लोगों को नशे से बचने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। साथ ही ड्रग तस्करी में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए है।

दिनांक 19.02.2025 को क्राइम ब्रांच 19 जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रवि कुमार की अगुवाई में हेरोइन तस्करी के मामलें में 1 आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान शगुन चावला पुत्र कृष्ण लाल चावला वासी तरावडी जिला करनाल हाल किरायेदार जीरकपुर पंजाब आयु 25 वर्ष रुप में हुई है।

पुलिस को गुप्त सुत्र से सूचना मिली कि शगुन हेरोइन तस्करी का काम करता है और आज पंचकूला स्थित इंडस्ट्रियल फेस-1 एरिया के पास हेरोईन सप्लाई करने आएगा जिसके आधार पर क्राइम ब्रांच 19 की टीम ने बताये गए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को घेरा ड़ालकर काबू किया। तलाशी लेनें पर आरोपी के पास से 8.33 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। जिस बारे पूछताछ करने पर आरोपी कोई लाइसेंस आदि पेश नहीं कर सका। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-20 में एनडीपीएस की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी शगुन से पूछताछ करके मुख्य सप्लायर तक पहुंचने की कोशिश करेगी।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चैहान ने की शिष्टाचार भेंट

**एसबी संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से विधानसभा देहरादून में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चैहान ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और सीडीएस ने सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों एवं सेना द्वारा राज्य में आयोजित किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड सैन्यभूमि है। राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रक्षा क्षेत्र में अधिक अवसर देने और राज्य की सुरक्षा व विकास को सुदृढ़ करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



# मुख्यमंत्री की केंद्रीय मंत्री शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री से भेंट



**एसबी संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री के साथ राजस्थान में शिक्षा व्यवस्था, कौशल विकास कार्यक्रमों एवं युवाओं के रोजगार संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राजस्थान में शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**एसबी ब्यूरो**

**दलसिंहसराय।** प्रखण्ड के कोनैला ठाकुरबाड़ी मैदान में महंत सुरेश झा स्मृति क्रिकेट कप टूर्नामेंट सीजन 10 का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक शर्मा, राहुल सिंह, शुभम सिंह, जिला पार्षद सुनीता शर्मा, चर्चित साहित्यकार सत्यसंध भारद्वाज, टोटल एग्रीकल्चर के विपणन प्रबन्धक ललन कुमार ईश्वर ने सम्मलित रूप से फीता काटकर इस आयोजन का शुभारंभ किया। इससे पूर्व आगत अतिथियों का मिथिला परंपरा के अनुसार आयोजन समिति के पुरुषोत्तम भारद्वाज, रामभद्र भारद्वाज, निरंजन झा, नीरज राज ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। वहीं उपस्थित अतिथियों ने 2 मिनट का मौन रखकर महंत सुरेश झा के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।

उद्घाटन मैच पवन इलेवन चकदौलत और शांति निकेतन बलिया के बीच खेला गया। जिसमें पवन इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। इस प्रकार पहले बल्लेबाजी करते हुए शांति निकेतन बलिया की टीम निर्धारित 20 ओवर के खेल में 7 विकेट पर 307 रन का लक्ष्य खड़ा किया। जिसका पीछा करने उतरी पवन की टीम ने 18 ओवर 2 गेंद में 244 रन ओल आउट हो गयी, और शांति निकेतन बलिया की टीम ने 63 रन से विजय प्राप्त करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर गयी।

इस मैच के बेस्ट प्लेयर सोनू हुए जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 5 चौका और 12 छक्के की मदद से नावाद 100 रन बनाये और अपने टीम के 4 ओवर में 32 रन देकर 4 विकेट भी लिये जिसे मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डॉ. ओमप्रकाश के द्वारा दिया गया। मैच के दौरान अम्पायर की भूमिका में आसिफ सौहेले एवं सद्दाम हुसैन थे। उद्घोषक का कार्य इंजीनियर अंकित ईश्वर एवं नीरज राज ने किया।

वहीं स्कोरिंग का कार्य रंकज शर्मा एवं निरंजन महतो ने किया। मौके पर मनोज ईश्वर, अरविंद कुमार लालू, विवेक शर्मा, त्रिलोकी मेहता, जितेन्द्र ईश्वर, डा. सुनील सिंह, अभिषेक चौधरी, शिवम सिंह, सुजीत चौधरी, चंदन कुमार, सौरभ चौधरी, नीलेश भारद्वाज, सुधांशु भारद्वाज इत्यादि मौजूद थे और आयोजन समिति के द्वारा बताया गया कि कल का मैच बंटी 11 ताजपुर एवं चिरंजीवीपूर के बीच खेला जाएगा।

# सहकारिता मंत्री ने किया वार्षिक कार्ययोजना एवं कैलेण्डर का विमोचन



**एसबी संवाददाता**

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के दौरान राज्य में सहकारी आन्दोलन को अधिक मजबूत बनाने और अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़ने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता बढ़नी चाहिए ताकि लोगों का विश्वास सहकारिता में कायम रहे।

सहकारिता मंत्री गुरुवार को नेहरू सहकार भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष से संबंधित प्रदेश की वार्षिक कार्ययोजना एवं कैलेण्डर के विमोचन के बाद राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रदेश भर से सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारी वीडियो कॉफ्रेंस से माध्यम से शामिल हुए।

श्री दक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है, लेकिन देश में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में वर्ष 2021 से ही कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' के अंतर्गत 54 पहलों के माध्यम से देश में सहकारी सेक्टर सशक्त हो रहा है। जीडीपी में सहकारिता क्षेत्र का योगदान 40 प्रतिशत हो, इसके लिए सभी को अपनी भूमिका समझते हुए कर्तव्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन करना होगा।

श्री दक ने कहा कि राज्य सरकार सहकारिता सेक्टर को प्राथमिकता दे रही है। राज्य बजट में सहकारिता से संबंधित कई ऐतिहासिक घोषणाएं की गई हैं, जिनसे प्रदेश में सहकारी आन्दोलन को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि बजट मे ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋृण का दायरा बढ़ाते हुए 35 लाख से अधिक किसानों को 25 हजार करोड़ रुपये के ऋृण वितरित करने की घोषणा की गई है। साथ ही, राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना का भी दायरा बढ़ाकर 2.50 लाख गोपालक परिवारों को ब्याज मुक्त ऋृण देने की घोषणा की गई है। श्री दक ने कहा कि बजट घोषणा के अनुरूप आगामी 2 वर्षों में 2,500 नई ग्राम सेवा सहकारी समितियां खुलने से प्रदेश में सहकारिता का मजबूत नेटवर्क स्थापित होगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सहकारी आन्दोलन को मजबूती देने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को अपनी भूमिका और जिम्मेदारी समझनी होगी। सभी कार्मिक संकल्प लें कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान ज्यादा उत्साह के साथ काम करते हुए सहकारी आन्दोलन को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों के दरवाजे सभी लोगों के लिए खुले होने चाहिए। श्री दक ने नवाचार करने और सहकारी समितियों द्वारा किये जा रहे कार्यों का दायरा बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही, नये को-ऑपरेटिव कोड के माध्यम से खामियों को दूर करने पर भी बल दिया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त रजिस्ट्रार श्री इन्दर सिंह, श्री संजय पाठक, श्री भोमाराम एवं श्री संदीप खण्डेलवाल ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान पूरा विभाग दोगुने उत्साह के साथ काम करेगा और राज्य को देश में रोल मॉडल स्टेट के रूप में स्थापित करेगा। इस अवसर पर सभी फंक्शनल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# एयर एलेवन फरछीवन टीम ने 02 विकेट से विजयता शील्ड पर जमाया कब्जा




**एसबी ब्यूरो**

**मंसुरचक (बेगूसराय)।** प्रखंड के सावित्री मध्य विद्यालय फरछीवन खेल मैदान में गुरुवार के दिन शहीद एसएसबी मेमोरियल क्रिकेट कप टूनामेंट का फाईनल मैच फरछीवन एवं तेघड़ा के बीच खेला गया। जिसमें तेघड़ा की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। निर्धारित बीस ओभर में नौ विकेट पर 188 रन बनाया। जबाब में फरछीवन की टीम ने 19 ओभर 3 गेंद 8 विकेट पर 194 रन बनाया। इस तरह फरछीवन टीम ने 2 विकेट से विजय घोषित हुआ। मैच समापन के बाद एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया सुधीर कुमार राय मुन्ना ने किया।

समारोह को मुख्य अतिथि बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र कुमार मेहता, विशिष्ट अतिथि ने विजयता, उपविजयता टीम को शिल्ड देकर पुरस्कृत किया।

मौके पर मनमोहन महतों, सरोज कुमार चौधरी, शिक्षक सुशील कुमार झा, आशीष भूषण दत्त झा, प्रगतिशील किसान दीपक कुमार राय, सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

# वर्ष-2024 में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की मासिक रैंकिंग में 10वीं बार प्रथम स्थान पर रही हरियाणा पुलिस

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) की मासिक रैंकिंग मे हरियाणा पुलिस ने वर्ष-2024 में 10वीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने सीसीटीएनएस की पूरी टीम को बधाई दी है।

राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) के निदेशक शिवास कबिराज ने बताया कि सीसीटीएनएस को विकसित करने का उद्देश्य अपराध की जांच और अपराधियों की धरपकड़ के लिए एक व्यापक और एकीकृत प्रणाली विकसित करना है। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के अगस्त-2023 में पदभार संभालने उपरांत एससीआरबी में तकनीकी कार्यक्षमता बढ़ाने व कार्यप्रणाली को बेहतर करने हेतु कई सकारात्मक बदलाव किए गए जिसके परिणामस्वरूप पिछले 17 महीनों में 15 बार एनसीआरबी की मासिक रैंकिंग में हरियाणा पुलिस प्रथम स्थान पर रही।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जारी की जा रही इस मासिक रैंकिंग में विभिन्न मापदंडों पर प्रदेश पुलिस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हरियाणा पुलिस ने अगस्त व सितंबर-2024 में 99.99 प्रतिशत स्कोर के साथ देश भर में तीसरा स्थान प्राप्त किया था जबकि अन्य माह में हरियाणा पुलिस ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वर्तमान में सीसीटीएनएस के माध्यम से प्रदेश पुलिस द्वारा प्राथमिकी पंजीकरण, गैर संज्ञेय रिपोर्ट, मेडिको लीगल केस, गुमशुदा व्यक्ति, खोई हुई संपत्ति, लापता मवेशी, विदेशी पंजीकरण, सी-फार्म, लावारिस/परित्यक्त संपत्ति, अज्ञात/पाया व्यक्ति, निवारक कार्यवाही, पर्यवेक्षण रिपोर्ट/प्रगति का पंजीकरण, अज्ञात मृत शरीर/अस्वाभाविक मृत्यु पंजीकरण, अनुसंधान संबंधी कार्य, शिकायतों के पंजीकरण, डेटाबैंक सेवाएं आदि कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीसीटीएनएस की रैंकिंग में प्रदेश पुलिस लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। सीसीटीएनएस का प्रयोग पुलिस की तरफ से अपराध व अपराधियों का डेटाबेस तैयार करने के लिए किया जाता है। इसी क्रम में स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा संचालित नेफिस सॉफ्टवेयर में पिछले वर्ष 54,405 फिंगर प्रिंट का डेटा अपलोड किया गया और गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों व अनजान शवों के डाटा से साथ मिलान किया गया।

अपलोड किए गए इन फिंगर प्रिंटस में से 25,400 फिंगर प्रिंट स्लिप नेफिस के रिकॉर्ड से मैच हो गई जिनका पहले से आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। वर्ष-2024 में क्राइम सीन से तकरीबन 2392 चांस प्रिंट(वारदात वाले स्थान से उठाए जाने वाले नमूने) उठाये गए जिनमें से 916 चांस प्रिंट का डेटा सफलतापूर्वक अपलोड कर-के उन्हें नेफिस पर वेरीफाई किया गया।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मेहरावना के विद्यार्थियों ने भेंट की

**एसबी संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से विधानसभा देहरादून में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मेहरावना (चकराता) के विद्यार्थियों ने भेंट की। इसके बाद छात्र छात्राओं ने विधानसभा में विधानसभा सत्र में हो रही विभिन्न गतिविधियों को देखा।

मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## आवश्यक सूचना

तेजी से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, **'संजना भारती'** को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।

**संपर्क करें: दैनिक संजना भारती, समाचार पत्र नई दिल्ली**

**वाटसेप नम्बर: 9871221635**

# अनुराग रस्तोगी ने हरियाणा के मुख्य सचिव का कार्यभार संभाला



संजना भारती संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। वे सामान्य प्रशासन, मानव संसाधन, कार्मिक एवं प्रशिक्षण, संसदीय मामले तथा सतर्कता विभाग के मुख्य सचिव के साथ-साथ प्लान कॉर्डिनेशन के प्रभारी सचिव का काम भी देखेंगे। साथ ही, श्री रस्तोगी को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का कार्यभार भी सौंपा गया है।



पदभार ग्रहण करने के बाद आज हरियाणा राजभवन, चंडीगढ़ में हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय के साथ शिष्टाचार भेंट करते मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी।

# तीन नये कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित की गई ट्रेनिंग




एसबी विशेष संवाददाता

**करनाल।** तीन नये आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर आज यहां जिला सचिवालय में ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग में करनाल न्यायालय के सभी न्यायाधीश व जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। ट्रेनिंग में न्याय श्रुति, ई-समन, ई-साक्ष्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

एनआईसी उप निदेशक (सामान्य) शशि कांत शर्मा ने तीन नये कानूनों- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित, भारतीय न्याय संहित और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के क्रियान्वयन को लेकर सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों की जानकारी दी। उन्होंने क्रियान्वयन को लेकर आ रही दिक्कतों संबंधी सवालों के जवाब दिये। साथ ही कहा कि इन कानूनों को लागू करने का मुख्य उद्देश्य लोगों को त्वरित न्याय प्रदान करना है।

उपनिदेशक ने बताया कि नये कानूनों को लागू करने के लिये पायलट तौर पर यहां की दो अदालतों-जिला सत्र न्यायालय और ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट का चयन किया गया है। इनमें जल्दी ही जरूरी डिजीटल उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। श्री शर्मा के अनुसार न्याय श्रुति ऐप के माध्यम से सभी अदालतों, जेल, पुलिस थाने, फोरेंसिक लैब को जोड़ा जायेगा। उन्होंने बताया कि ई-साक्ष्य के लिये अपराध स्थल का वीडियो और फोटो जरूरी है जिन्हें 48 घंटे के भीतर कोर्ट में प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा कि नये डिजीटल प्लेटफॉर्म और कानूनों के माध्यम से न्याय प्रणाली में अपेक्षित सुधार संभव है।

बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एडीजे, सीजेएम, जेएसआईसी, आईजी पुलिस कुलदीप सिंह, उपायुक्त उत्तम सिंह, एसपी गंगाराम पूनिया, एसपी जेल लखवीर बराड़, डीआईओ एनआईसी कमल त्यागी, जिला न्यायवादी पंकज सैनी आदि मौजूद रहे।

# सीबीएसई द्वारा आयोजित 10वीं व 12वीं की परीक्षा अवधि में धारा 163 लागू: जिलाधीश प्रीति



एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार

**कैथल।** जिलाधीश प्रीति ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड द्वारा 10वीं व 12वीं की परीक्षा 4 अप्रैल 2025 तक सुबह 10 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित करवाई जा रही परीक्षाओं को नकल रहित एवं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से जिला में स्थित परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने के आदेश जारी किए गए हैं।

जारी किए गए आदेशों के तहत जिला में स्थित परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में चार अप्रैल तक पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पाबंदी रहेगी।

इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में स्थित फोटोस्टेट की दुकानें भी परीक्षा अवधि सुबह 10 बजे से सायं 1:30 बजे तक परीक्षा के दौरान तक बंद रहेंगी। इसके अलावा परीक्षार्थी द्वारा मोबाईल फोन, पेजर, इलेक्ट्रोनिक डिवाइस आदि भी परीक्षा केंद्रों की परिधि में ले जाने पर पाबंदी रहेगी।

यह आदेश परीक्षा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों व पुलिस बल के जवानों पर लागू नही होंगे। इन आदेशों की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए अधिकारियों की रहेगी पैनी निगाह: उत्तम सिंह

## मतदाताओं को प्रलोभन देने वाले लोगों पर होगी कार्रवाई

एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न करवाने के लिए सभी अधिकारी चुनावी प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग करते रहे। इन चुनावों में आदर्श आचार संहिता की शत प्रतिशत पालना करवाना सुनिश्चित की जाए।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए सभी अधिकारी, पुलिस अधिकारियों के साथ तालमेल रखेंगे। इन चुनावों से सम्बन्धित अधिकारी अधिक से अधिक मतदान केन्द्रों का दौरा करें। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों, उनके प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए नकदी या शराब, कपड़े या किसी अन्य सामग्री के वितरण के बारे में कड़ी



निगरानी बनाए रखें। इस चुनाव के पूरा होने तक राज्य चुनाव आयोग को प्रतिदिन जब्त की कार्रवाई की जानकारी दी जाए।

उपायुक्त ने कहा कि असामाजिक तत्वों, हिस्ट्रीशीटरों, भगोड़े, घोषित अपराधियों, पैरोल,फरलो पर आए लोगों, पूर्व दोषियों आदि की आवाजाही पर विशेष निगरानी रखें, साथ ही कानून एवं व्यवस्था से संबंधित सभी शिकायतों पर जिला प्रशासन द्वारा तुरंत प्रभावी कार्रवाई करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऑब्जर्वर्स ने चुनाव लडने. वाले उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और जनता से मिलने का समय और स्थान तय कर दिया है। उपायुक्त ने कहा कि इस चुनाव प्रक्रिया के दौरान अधिकारी इस बात पर विशेष ध्यान रखें कि ईवीएम ठीक प्रकार से वितरित हो गई हैं, साथ ही मतदाताओं और आम जनता में विश्वास पैदा करने के लिए मतदान केंद्रों का दौरा करें। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन 2 मार्च को यह सुनिश्चित करवाएं कि उम्मीदवारों या उनके मतदान एजेंटों की उपस्थिति में समय पर मॉक पोल हो और मॉक पोल के दौरान डाले गए मतों को मशीन से साफ करने के बाद ईवीएम को शून्य से शुरू करें। उन्होंने कहा कि मतदान और मतगणना के दिन सभी रिपोर्ट समय पर आयोग के पास भिजवाना सुनिश्चित करें।

# 38 वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला में गोवा डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार

**चंडीगढ़।** 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में गोवा के पर्यटन विकास निगम के तत्वावधान में गुरुवार को गोवा-डे मनाया गया। मुख्य चौपाल पर गोवा के कलाकारों ने लैंप डांस की सामूहिक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। गोवा पर्यटन विकास निगम के महाप्रबंधक ग्रेविन डायस ने गोवा की कला एवं संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डा. प्रमोद सावंत के मार्गदर्शन और पर्यटन और आईटी मंत्री रोहन खाउंटे के गतिशील नेतृत्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई नए कार्यक्रम शुरू किए हैं।

महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में हरियाणा सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला के भव्य आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हरियाणा प्रदेश अपनी सांस्कृतिक विरासत के बलबूते दुनिया में अपनी पहचान कायम किए है ठीक उसी अनुरूप गोवा भी पर्यटन, कला और संस्कृति के साथ अपना प्रभुत्व कायम किए है। उन्होंने कहा कि गोवा पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ के साथ समुदाय-केंद्रित पर्यटन प्रथाओं का प्रतीक हैं। राज्य की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करने और इसके पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के प्रयास किए जाते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आने वाली पीढि?ां इसके पवित्र आकर्षण का अनुभव करना जारी रख सकें।

महाप्रबंधक ग्रेविन डायस ने कहा कि विदेशी और घरेलू पर्यटकों के बीच जहां आज सूरजकुंड का यह भव्य मेला दुनिया के आकर्षण का केंद्र बिंदु बना है वहीं गोवा की प्राचीन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक और क्रांतिकारी पहल, सरकार ने एकादश तीर्थ या परिवर्तन के ग्यारह स्थान शुरू किए हैं, जो गोवा में परिवर्तनकारी आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने वाले पूजा स्थलों को दर्शाते हैं। उन्होंने गोवा डे के उपलक्ष्य में गोवा वासियों सहित पूरे देश को शुभकामनाएं देते हुए गोवा का भ्रमण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पर्यटन एवं विरासत मंत्री डा.अरविंद कुमार शर्मा, पर्यटन निगम की प्रधान सचिव एवं मेला प्राधिकरण की वाइस चेयरपर्सन कला रामचंद्रन व निगम के प्रबंध निदेशक डा. सुनील कुमार और उनकी टीम को सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में गोवा पर्यटन को दिए गए सभी सहयोग और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

# विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी डिस्कॉम की एकीकृत रेटिंग में हरियाणा प्रथम

संजना भारती संवाददाता

**चंडीगढ़।** विद्युत एवं आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा "चिंतन शिविर 2025" का आयोजन किया गया। इस उत्तरी क्षेत्र के राज्यों के साथ हुई बैठक में "भारतीय विद्युत क्षेत्रः विश्वसनीयता, सामर्थ्य और स्थिरता के लिए चुनौतियाँ और परिवर्तनकारी सुधार" विषय पर केंद्रित रहा। इस शिविर में डिस्कॉम की एकीकृत रेटिंग जारी की गई, जिसमें हरियाणा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। हरियाणा की दोनों बिजली वितरण निगम उत्तर हरियाणा को और दक्षिण हरियाणा को प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।



भारत सरकार के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने डिस्कॉम की एकीकृत रेटिंग को जारी किया। उन्होंने इसका शुभारंभ करते हुए डिस्कॉम की उपभोक्ता सेवा रेटिंग, वितरण उपयोगिता रैंकिंग और स्मार्ट मीटर के लिए प्रोत्साहन योजना की घोषणा की। इसमें एजेंडा के अनुसार हरियाणा में बिजली क्षेत्र की वित्तीय व्यवहार्यता, आरडीएसएस, मांग का पूवार्नुमान, भंडारण का विकास, ट्रांसमिशन बाधाओं को संभालना, डेटा सेंटर और ईवी इंफ्रा के लिए योजना बनाना, संसाधन पर्याप्तता 2030, साइबर सुरक्षा, आरई खपत को सराहा गया।

भारत सरकार विद्युत मंत्रालय द्वारा चिंतन शिविर के रूप में की गई क्षेत्रीय बैठक में दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड ऊर्जा/ विद्युत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव, प्रदेश डिस्कॉम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/प्रबंध निदेशक, अधिकारी शामिल हुए।

# युवाओं की जागरूकता ही नशे को जड़ से खत्म कर सकती है : डॉ. चरणजीत कौर



## जिला रेड क्रॉस करनाल के कुशल मार्गदर्शन में मेगा कैंप का आयोजन

एसबी संवाददाता

**करनाल।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा के दिशा निर्देश व उत्तम सिंह, आईएस, उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेड क्रॉस करनाल के कुशल मार्गदर्शन में एक मेगा कैंप आयोजित किया गया।

माता सुंदरी खालसा गर्ल कॉलेज, निसिंग के प्रांगण में एक नशा मुक्ति पर सेमिनार आयोजित किया जिसमे कुलबीर मालिक, सचिव और डॉ. चरणजीत कौर द्वारा छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कैसे नशा हमारे युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है और जिससे हमें शारीरिक, मानसिक और फाइनेंशियल हानि हो रही हे। नशे का कारोबार करने वाले लोगों पर नारकोटिक्स विभाग की टीम कार्यवाही कर रही है लेकिन जब तक हमारा युवा वर्ग जागरूक नहीं होगा तब तक हम इस नशे को जड़ से खत्म नहीं कर सकते। परिसर से हम सब शपथ ले की ना नशा करेंगे ना नशा करने देंगे। और रेडक्रास द्वारा बच्चो को मुफ़्त स्टेशनरी भी मुहिया करवाई गई। इसी कड़ी में यूथ रेड क्रॉस, माता सुंदरी खालसा कालेज ने एक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया। जिसमें कालेज स्टाफ और हमारी बेटियों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया।

डॉ. संजय वर्मा, इंचार्ज ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया। जिला रेड क्रॉस करनाल द्वारा कॉलेज परिसर में यूथ रेडक्रॉस की छात्राओं को डिजास्टर मैनेजमेंट में बेसिक फर्स्ट एड की ट्रेनिंग दी गई ताकि किसी भी आपदा से निपटने के लिए हमारे युवा ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षित हो।

डॉ. चरणजीत कौर, गाइनेकोलॉजिस्ट, अमृतधारा हॉस्पिटल ने लड़कियों को हाइजीन हेल्थ के प्रति मोटिवेट किया। प्रिंसिपल माता सुंदरी खालसा कालेज डॉ. सत्वंत कौर ने कॉलेज परिसर में आए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

## एडीसी ने ली जिला शिक्षुता एवं आत्मनिर्भर समिति की बैठक

# तीन मार्च से अप्रेंटिस पोर्टल पर विभाग सीटें सृजित कर युवाओं को दें स्कील बढ़ाने का मौका: एडीसी



एसबी संवाददाता

**कैथल।** अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला शिक्षुता एवं आत्मनिर्भर समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण बहुत जरूरी है।

तीन मार्च से अप्रेंटिस पोर्टल पर सीटें सृजित कर युवाओं को अप्रैंटिस पर रखने के लिए कार्रवाई की जाए और मार्च के आखिरी तक खाली पदों का भरा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग में कर्मचारियों की कुल संख्या के हिसाब से नियमानुसार सीटें निर्धारित होती हैं। अप्रेंटिस के दौरान युवाओं को एक निश्चित भुगतान किया जाता है।

उन्होंने कहा जिन विभागों ने अभी तक यह प्रक्रिया शुरू नहीं की है, वे आगामी तीन मार्च से पोर्टल पर कार्रवाई शुरू कर सकते हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सके। यदि किसी को कोई परेशानी आती है तो कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के अधिकारियों से संपर्क करके समस्या का समाधान करवाएं। उन्होंने वन विभाग, डीब्ल्यूओ, डीआरडीए, एसडीएम कार्यालय गुहला, जिला में स्थित शिक्षा विभाग के कार्यालयों, सरस्वती हैरिटेज, कोयल कॉम्पलेक्स, कृषि विभाग, काड़ा विभाग, हैफेड, नगर पालिकाएं, मार्किट कमेटी कार्यालय, बीडीपीओ, एलडीएम, परिवहन विभाग, शुगर मिल आदि विभागों से पूर्ण फीडबैक ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, आईटीआई प्रिंसिपल सतीश मच्छाल, रोडवेज महाप्रबंधक कमलजीत सिंह, एलडीएम एसके नंदा, कार्यकारी अभियंता मुनीष, दिग्विज सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# एडीसी ने किया गांव चुहड़माजरा, कौल व फरल में आंगनवाड़ी केंद्रों का दौरा

## संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को मौके पर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने वीरवार को पोषण अभियान के तहत गांव चुहड़ माजरा, कौल व फरल में स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों को दौरा किया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में साफ-सफाई और सुरक्षा के प्रबंधों के बारे में देखते हुए कहा कि बच्चों के लिए आंगनवाड़ी में सफाई बहुत ही जरूरी है, इसे निरंतर सही रखें। कहीं भी कोई भी कमी या जरूरत लगती है तो उच्च अधिकारी के संज्ञान में मामले को लाया जाए। बच्चों को बैठने, खेलने और सीखने की उचित व्यवस्था रहे। स्वच्छ पेयजल और शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा उन्होंने बच्चों को दिए जा रहे आहार की गुणवत्ता और प्रारंभिक शिक्षा आदि के बारे जानकारी ली और राशन की गुणवत्ता को भी जांचा।



उन्होंने निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से आंनगबाड़ी केंद्रों को खोले और बच्चों को गुणवतापूर्ण आहार एवं प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करें। आंगनबाड़ी केंद्र में राशन व अन्य सामान का उचित रख रखाव रखें।

# पूर्व सैनिक जंतर-मंतर दिल्ली के लिए हुए रवाना




एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार

**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल से पूर्व सैनिक अपनी पुरानी मांगों को लेकर 20फरवरी को जंतर मंतर पर होने वाले रोष प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कैथल से दिल्ली के लिए रवाना हुए। एसोसिएशन प्रधान ने बताया कि हमारी मांग आज से नहीं बहुत पुरानी है। वन-रैंक वन पेंशन कि विसंगतियों को दूर करना, सैनिकों की वीरांगनाओं, विधवाओं, डिसेबल, अग्नि वीर योजना को वापिस लेना, एम एस पी के लिए तीन जजों की एक कमेटी बनाने के लिए बार-बार केंद्र सरकार से गुहार लगाई जा रही है। लेकिन केंद्र सरकार ने पहले भी 13 महीने जंतर मंतर पर बैठे तब भी नहीं सुनी, हमने तीन जजों की कमेटी बनाएं के लिए कहा, वो जो फैसला देगी वो हमें मंजूर है। लेकिन केंद्र सरकार मानने को तैयार नहीं। इसलिए पूर्व सैनिकों, वीरांगनाएं, विधवाओं, डिसेबल साथी सभी बहुत भारी संख्या में पूरे देश भर से सैनिक जंतर मंतर मंतर पर एकत्रित होकर अपनी मांगे रखेंगे। इसमें कैथल से एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी के साथ वॉइस प्रेसिडेंट सूबेदार मेजर रामफल चहल, कैप्टन मुख्तार सिंह जांगड़ा, लैफिडेट मेघ सिंह, सुबेदार कृष्ण कुमार, हवलदार लाल सिंह, सूबेदार मेजर मुख्तार सिंह, सुबेदार मेजर खजान सिंह, हवलदार रामेश्वर, सूबेदार रणबीर ढूल प्रधान, सूबेदार रामचंद्र, दफेदार सतपाल कसान, दफेदार राजाराम कसान, दफेदार रामचंद्र सौगल, हवलदार वेदपाल देवबन, हवलदार सतवीर तारागढ़, मनोज तारागढ़, हवलदार रामेश्वर सिंह माजरा, हवलदार रिषी पाल तितरम, सुबेदार रामचंद्र, हवलदार रतन सिंह जाखोली, सूबेदार दलबीर सिंह जाखोली, हवलदार इंदर सिंह सेरदा, हवलदार रमेश सेरदा, हवलदार दयानंद, हवलदार रामकला भाई, दफेदार बलदेव सिंह, सी पी ओ राजबीर भाना, रिसालदार कर्मवीर भाल सहित अन्य बहुत से साथी रेल द्वारा और गहुला चीका से सीधे जंतर मंतर के लिए रवाना हुए। सरकार से अनुरोध किया है कि पूर्व सैनिक ऐसोसिएशन की पुरानी मांग को पूरा करें।

# तेज हुआ भाजपा का प्रचार, विधायक जगमोहन आनंद ने संभाली कमान

## भाजपा उम्मीदवारों को मिल रहा जनता का अपार समर्थन

एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी

**करनाल।** करनाल में निकाय चुनाव का रण सज चुका है। अब सभी उम्मीदवार चुनाव प्रचार के लिए मैदान में उतर चुके हैं। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी ने भी अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। प्रचार की कमान स्वयं करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने संभाल रखी है, जो घर-घर जाकर लोगों से सीधा संपर्क कर रहे हैं और प्रत्याशियों के लिए प्रचार कर रहे हैं।

वीरवार को करनाल के वार्ड नं. 7 में आजाद प्रत्याशी श्री चरण सिंह चरनी (चुनाव निशान शंख) ने मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता और पार्षद प्रत्याशी जोगिंद्र शर्मा को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए अपने साथियों सहित भाजपा में आस्था व्यक्त की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। पार्टी की नीतियों और राष्ट्र हितैषी विचारधारा को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की नीतियों से प्रभावित होकर 'भाजपा परिवार' से जुड़ने वाले सभी साथियों का पार्टी में स्वागत हैं। वीरवार को रविकांत जांगडा, गोल्डी बेरी, रामपाल लठवाल, नीरज कादियान, जगदीप कुमार, कपिल कामरा, रवि जांगडा, सुरेश गांधी, राम पांचाल, ललित मल्होत्रा, गुलशन अरोड़ा, जगदीश चावला सहित अन्य साथियों ने भाजपा में अपनी आस्था व्यक्त की।

विधायक जगमोहन आनंद और मेयर रेनू बाला गुप्ता ने गुरुवार को नगर निगम



के वार्ड नं. 20 में पार्षद पद के प्रत्याशी सुधीर यादव के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया।

इस दौरान मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता के लिए विधायक जगमोहन आनंद ने वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की सरकार ने अपनी सतत विकास की नीति और सुशासन के अटूट संकल्प के साथ हर जरूरतमंद की लगातार सेवा की है। इसी लक्ष्य के साथ हम सबको मिलकर करनाल के सभी वार्डों में भाजपा पार्षद एवं मेयर पद पर भाजपा को भारी मतों से जीत दिलानी है।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि लगातार भाजपा का कुनबा बढ़ रहा है। भाजपा की जीत को देखकर दूसरी पार्टियों में भगदड़ मच गई है। लगातार दूसरी पार्टियों के कार्यकर्ता व बड़े नेता भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं। गुरुवार को काछवा रोड स्थित मेहता फार्म के मालिक जितेंद्र मेहता ने अपने साथियों के साथ भाजपा में आस्था जताई। इसके अतिरिक्त मोहित सचदेवा के साथ सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

विधायक जगमोहन आनंद ने वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र जैन के पिता स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया।

गुरुवार दोपहर करनाल के सदर बाजार स्थित रघुनाथ मंदिर में स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन की पुण्य स्मृति में आयोजित भावांजलि कार्यक्रम में पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।